अमर उजाला बुधवार 27 मार्च 2019

प्रोत्साहन

देश को दोबारा विश्व गुरु बनाने में शिक्षकों को निभानी होगी अहम भूमिका : शंकरानंद

छात्राओं को आदर्श शिक्षक बनने के लिए किया प्रेरित

अमर उजाला ब्यूरो

बीपीएस महिला विवि खानपुर कलां में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

गोहाना। बीपीएस महिला विवि खानपुर कलां के शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में मंगलवार को पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया। समारोह में भारतीय शिक्षण मंडली के सह संगठन मंत्री शंकरानंद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। भारतीय शिक्षण मंडली के प्रतिनिधि पुष्पेंद्र राठी विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। सह संगठन मंत्री शंकरानंद ने कहा कि देश को दोबारा से विश्व गुरु बनाने के लिए शिक्षकों को अपनी अहम भूमिका निभानी होगी। समारोह में उपस्थित छात्राओं को एक आदर्श शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों की प्रस्तुति दी। छात्राओं द्वारा चित्रकारी बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और गृह सज्जा पर प्रदर्शनी भी लगाई।

प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की अध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल ने की। इस दौरान प्रिया ढींगरा, डॉ. मोनिका, डॉ. गोल्डी, डॉ. सरला, डॉ. इंदु आदि उपस्थित रहे।

महिला विवि में मुख्य अतिथि शंकरानंद का स्वागत करते डॉ. सुमन दलाल। अमर उजाला

छात्राओं ने सार्वजनिक स्थानों पर चलाया सफाई अभियान

खानपुर कलां के मंदिर में सफाई करती महिला विश्वविद्यालय की छात्राएं।

गोहाना। खानपुर कलां गांव स्थित बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की छात्राओं ने शनिवार को गांव खानपुर कलां में सफाई अभियान चलाया।

छात्राओं ने गांव के सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच कर सफाई की। छात्राओं ने पोस्टरों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व भी समझाया। संस्थान की छात्राओं शिक्षिका सुशीला के नेतृत्व में गांव खानपुर कलां पहुंचा। छात्राओं ने गांव में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, मंदिर परिसर व आसपास में सफाई अभियान चलाया। छात्राओं ने पोस्टरों के माध्यम से ग्रामीणों को सफाई के प्रति सचेत रहने और सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। वीसी प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि छात्राओं को स्वयं स्वच्छता अपनाते हुए आसपास के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए।

हरिभूमि 24/3/2019

सार्वजनिक स्थानों पर चलाया सफाई अभियान

गोहाना। बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की छात्राओं ने शनिवार को गांव खानपुर कलां में सफाई अभियान चलाया। छात्राओं ने गांव के सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच कर सफाई की। छात्राओं ने पोस्टरों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व भी समझाया। संस्थान की छात्राओं का दल शिक्षिका सुशीला के नेतृत्व में गांव खानपुर कलां पहुंचा। छात्राओं ने गांव में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, मंदिर परिसर व आसपास में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान एकत्रित कचरे को उठा कर कूड़ा स्थल पर डाला। छात्राओं ने पोस्टरों के माध्यम से ग्रामीणों को सफाई के प्रति सचेत रहने और सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

भावी अध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों संग पोस्टरों से दी श्रद्धांजलि

गामड़ी गांव के सरकारी हाई स्कूल के बच्चे तैयार पोस्टर दिखाते हुए। (अरोड़ा)

गोहाना (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के आई.टी.टी.आई. की भावी अध्यापिका छात्राएं शनिवार को ऑब्जर्वेशन के लिए गामड़ी गांव के सरकारी हाई स्कूल में पहुंचीं जहां उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों के साथ पुलवामा के शहीदों को पोस्टरों से श्रद्धांजलि दी। पोस्टर श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता आई.टी.टी.आई. की सुमन श्योराण और महिमा श्योराण तथा मेजबान स्कूल के मुख्याध्यापक पवन कुमार ने की। संयोजन शिक्षिका अनिता कुमारी, मीना कुमारी और सुनील कुमारी का रहा। आई.टी.टी.आई. से जे.बी.टी., बी.एड और एम.एड की छात्राएं गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचीं। उनके मार्गदर्शन में स्कूल की छात्राओं ने पुलवामा के सी.आर.पी.एफ. के जवानों की स्मृति में मार्मिक पोस्टर तैयार किए।

सोमवार MONDAY 24 सितम्बर 2018

न्यूज फ्लैश

हरियाणा की माटी में घुली हुई है वीरता और देशभक्ति : सुषमा यादव

डा. रजनीश शुक्ला को सम्मानित करती डा. सुमन दलाल। (अरोड़ा)

गोहाना, 23 सितम्बर (अरोड़ा): गांव खानपुर कलां स्थित बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च में हरियाणा शहीदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यातिथि कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की माटी में वीरता एवं देशभक्ति घुली हुई है। प्रो. सुषमा यादव ने छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई का उदाहरण देकर कहा कि वे निडर होकर अपनी शक्ति को जानें और समाज में अपनी प्रभुता को स्थापित करें। विशिष्ट वक्ता भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के सचिव डा. रजनीश शुक्ला ने रोचक ढंग से महाभारत काल से अब तक हरियाणा की स्त्रियों की भूमिका का वर्णन किया। विभागाध्यक्ष डा. सुमन दलाल ने छात्राओं को देशभक्ति की भावना का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम में छात्राओं ने हरियाणा के शहीद राव तुलाराम के जीवन पर आधारित कविताएं, नाटक, भाषण व गीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर डा. सुमित्रा जाटयान, डा. प्रिया ढींगड़ा, डा. अनु बल्हारा, रामपाल, डा. हिमांशु परमार, डा. मोनिका, डा. पूजा और डा. संयुक्ता मौजूद रहे।

शिक्षाविदों का कर्त्तव्य है खामियां दूर करना : डा. सुमन

संगोष्ठी की प्रतिभागी छात्राएं अपनी प्राध्यापिकाओं के साथ। (अरोड़ा)

गोहाना, 12 फरवरी (अरोड़ा): शिक्षा से व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। यदि शिक्षा नीतियों में किसी प्रकार की खामियां हैं तो उनको दूर करना शिक्षाविदों का कर्त्तव्य है। यह बात भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के आई.टी.टी.आर. की चेयरपर्सन डा. सुमन दलाल ने कही। वह मंगलवार को विभाग में भारतीय शिक्षा पद्धति पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति सप्ताह के अंतर्गत आई.टी.टी.आर. में उक्त विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के मंच का संचालन बी.एड द्वितीय वर्ष की छात्रा रीना ने किया।

इस कार्यक्रम में बी.एड द्वितीय वर्ष की छात्रा हिमानी, आस्था और प्रिया ने भी भारतीय शिक्षा पद्धति पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डा. सुमित्रा जाटयान, डा. सरला, डा. मोनिका, गोल्डी गुप्ता, ज्योतिका और डा. अंजू बाला उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ

गोहाना। डा. सुमन दलाल और राजेश मुखीजा छात्राओं को शपथ दिलवाते हुए। फोटो हरिभूमि

■ सड़क सुरक्षा सप्ताह में यह कार्यक्रम हीरो मोटोकॉर्प के सहयोग से आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में बृहस्पतिवार को छात्राओं और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन की शपथ दिलवाई गई। 30वें सड़क सुरक्षा सप्ताह में यह कार्यक्रम हीरो मोटोकॉर्प के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हीरो मोटोकॉर्प के सलाहकार राजेश मुखीजा मुख्यातिथि रहे तथा अध्यक्षता संस्थान की प्रमुख डा. सुमन दलाल ने की। शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की प्रमुख डा. सुमन दलाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए करें। राजेश मुखीजा ने कहा कि यदि सड़क सुरक्षा के नियमों का दृढ़ता से पालन हो, तब सड़क हादसों में भारी कमी आ जाएगी। हीरो मोटोकॉर्प के वरिष्ठ प्रशिक्षक अमित शर्मा ने वीडियो क्लिप्स, ग्राफिक्स और सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। सड़क सुरक्षा के नियम हमारी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं।

विवि की छात्राओं की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद हुआ विदाई कार्यक्रम

अध्यापकों को आदर्श होना चाहिए : सरला दूहन

भास्कर न्यूज | गोहाना

राजकीय स्कूल कासंडी में बुधवार को बीईडी छात्राओं की विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीपीएस महिला विवि से आईटीटीआर विभाग की समन्वयक डॉ. सरला दूहन ने छात्राओं को अध्यापन के क्षेत्र में बेहतर सेवाएं देने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि विवि की छात्राओं की 16 सप्ताह की ट्रेनिंग की अवधि समाप्त हो गई।

गोहाना. कासंडी में विदाई कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व छात्राएं।

ट्रेनिंग के दौरान छात्राओं को स्कूलों में भेजकर विद्यार्थियों को पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ अध्यापक बनने के लिए मेहनती, ईमानदार और विषय का ज्ञान होना चाहिए। अध्यापक विद्यार्थियों के लिए एक आदर्श होना चाहिए। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी अपने अनुभव सांझे किए। इस अवसर पर विवि से सहायक प्रो. अन्नु बल्हारा, स्कूल प्राचार्य सुरेश सैनी, ममता रानी, सुशीला रानी, सुनीता देवी, मनोज कुमार, अजीत सैनी, रमेश शास्त्री, देवेंद्र मलिक, दलबीर सिंह, दिलबाग सिंह, जयकरण, सुनील, पूनम, सुमन, मनीषा, प्रिया, सोनम, प्रियंका, वैशाली, रीना, हेमंत, सोनिया, नेहा आदि उपस्थित थे।

www.jagran.com

गांव कासंडी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में यातायात नियमों को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली को रवाना करते डॉ. अशोक वर्मा।

यातायात नियमों को लेकर निकाली जागरूकता रैली

जासं, खानपुर कलां : गांव कासंडी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में यातायात नियमों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की शिक्षिकाओं व छात्राओं ने विद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने गांव में नियमों को लेकर जागरूकता रैली भी निकाली।

महिला विश्वविद्यालय के अधिकारी डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि यातायात नियम हमारी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। अगर हम इन नियमों का पालन करें तो सड़क हादसों से बच सकते हैं। डॉ. सुमन दलाल व डॉ. सुमित्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को सड़क संकेतों का ज्ञान होना चाहिए।

कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के मुख्य अध्यापक डॉ. सुरेश सैनी ने किया। विद्यालय के बच्चों ने गांव में रैली निकाल कर ग्रामीणों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर डॉ. अनीषा, सुनीता, सुशील, सीमा, ज्योति आदि मौजूद रहे।

महिला विवि की कुलसचिव डॉ. रितु बजाज गांव गामड़ी के राजकीय स्कूल में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए • जागरण

यातायात नियमों का पालन करें : बजाज

जासं, खानपुर कलां : बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. रितु बजाज ने कहा कि हमें वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। वह गांव गामड़ी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थीं। बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के आइटीटीआर विभाग द्वारा 1 अगस्त से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गांव गामड़ी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलसचिव डॉ. रितु बजाज ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। महिला विश्वविद्यालय की अधिकारी डॉ. सुमन दलाल और समाजसेवी बहन कमलेश रानी ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

वीरवार THURSDAY 2 अगस्त 2018

न्यूज फ्लैश

महिला विवि में सड़क सुरक्षा के नियमों की प्रदर्शनी शुरू

गोहाना, 1 अगस्त (अरोड़ा): सोनीपत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तैय्यब हुसैन ने कहा कि आज बढ़ते सड़क हादसे एक चिंता का विषय है। हादसों पर अंकुश लगाने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। वह बुधवार को बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च में 7 दिवसीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का बतौर मुख्यातिथि शुभारम्भ कर रहे थे। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन विवि की कुलपति प्रो. सुषमा यादव का रहा। विशिष्ट अतिथि शशि यादव थे। अध्यक्षता इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च की अध्यक्ष डा. सुमन दलाल ने की। मुख्यातिथि तैय्यब हुसैन ने कहा कि देश में बढ़ रहे सड़क हादसे हमारे लिए चिंता का विषय है। इस कार्यक्रम में छात्राओं को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित चार्ट एवं पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में छात्राओं के लिए सड़क सुरक्षा नियमों से की प्रश्नोत्तरी और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं।

सड़क सुरक्षा के नियमों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते तैय्यब हुसैन। (अरोड़ा)